प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
लखनऊ।

सेवा में,

1– समस्त कुल सचिव,केन्द्रीय/राज्य/निजी विश्वविद्यालय जनपद लखनऊ।

2– समस्त प्रबन्धक/कुलसचिव/निदेशक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य सम्बन्धित विद्यालय/मेडिकल इंजीनियरिंग कालेज/महाविद्यालय /प्रबन्धन/पैरामेडिकल/पालीटेक्निक/आई0टीआई एवं मान्यता प्रदाता संस्थाएँ जनपद लखनऊ।

3– क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी जनपद लखनऊ।

4– जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ।

पत्रांक C-3752 /स0क0/छात्रवृत्ति/2022–23 दिनांक 03/12/ ,2022

विषयः– **वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु प्रदेश के अन्दर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठयक में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन एवं अन्य कार्यो हेतु संशोधित समय–सारिणी निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–124/2022/2815/26–3–2022–4(358)/07 टी0सी–II दिनाँक 02.12.2022 ,निदेशालय, समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या सी 3557/स0क0/शिक्षा–अ/7/76/2022–23 दिनॉक 02. 12.2022 एवं उपनिदेशक समाज कल्याण लखनऊ मण्डल लखनऊ के पत्र संख्या– सी–2794/स0क0/उप0निदे0/छात्रवृत्ति/ 2022–23 दिनाँक 03.12.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पूर्व में जारी समय सारिणी दिनाँक 02.05.2022 को पुनः संशोधित कर नवीन समय सारिणी जारी की गयी है। जिसके द्वारा छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने, शिक्षण संस्थान स्तर पर अग्रसारण एवं विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर मास्टर डाटा को सही ढंग से पूर्ण करने एवं अग्रसारण समयबद्ध करने के दिशा निर्देश प्रदान किये गये है।

उक्त के कम में शासन द्वारा जारी संशोधित समय सारिणी की छायाप्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि समय सारिणी में उल्लिखित बिन्दुओं पर व्यक्तिगत ध्यान देते हुये छात्रवृत्ति नियमावलियों में दिये गये प्राविधानों एवं उक्तानुसार जारी संशोधित समय–सारिणी में दी गयी समयावधि में पूर्ण करने एवं पात्र छात्रों द्वारा आवेदन कराने तथा शिक्षण संस्थान एंव अन्य स्तरों से आनलाइन आवेदन पत्र का अग्रसारण करने की कार्यवाही त्वरित गति से करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

(सुनीता सिंह)
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।

2– उपनिदेशक, समाज कल्याण लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
लखनऊ।